दिनांक 04.10.2023 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री जबलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जबलपुर में सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल जैसे क्षेत्रों में 12 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे ।

श्री मोदी रानी दुर्गावती स्मारक की आधारशिला भी रखेंगे. यह स्मारक सौ करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत लगभग 128 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित घरों में गृह प्रवेश कराएंगे. इन घरों से 1000 से अधिक परिवारों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री मंडला, जबलपुर, सिवनी और डिंडोरी जिलों में करीब ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई जल जीवन मिशन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। प्रधानमंत्री प्रदेश में सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 4800 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

कौशल उन्नयन महाकुंभ

भोपाल में आज कौशल उन्नयन महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा के चार नवीन ग्लोबल स्किल पार्क का शिलान्यास भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में भोपाल, इंदौर ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल, नर्मदापुरम और भिण्ड में कुल नौ शासकीय संभागीय आईटीआई का लोकार्पण भी करेंगे, साथ ही मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में स्टाइपेंड भी वितरित करेंगे।

राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बुरहानपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहना योजना की इस माह की किश्त जमा की. मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लगभग 397 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न कार्यों

का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया । इनमें 68 करोड़ रुपये की लागत से असीर-धुलकोट घाटाखेड़ी मार्ग, 38 करोड़ से ज्यादा की राशि से नेपानगर रेल्वे क्रॉसिंग, साढ़े 10 करोड़ रुपये की लागत राशि से गणपति नाका से सिंधीबस्ती मार्ग तथा करीब 145 करोड़ रुपये की लागत राशि से पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना सहित जिले के अन्य निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण शामिल है।

टिकीटोरिया धाम रोप-वे

रेहली विधानसभा क्षेत्र के टिकीटोरिया धाम में कल रोप-वे का शिलान्यास किया जाएगा। रोप-वे अंतरराष्ट्रीय फेनिकुलर तकनीक से बनाया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने बताया कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की सहायता से इस रोप-वे का निर्माण किया जाएगा।

मतदाता सूची

प्रदेश विधानसभा की अंतिम मतदाता सूचियों का आज राज्य भर में प्रकाशन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश में आज जारी मतदाता सूची के मुताबिक कुल 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 मतदाता है। इनमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 88 लाख,25 हजार 607 और महिला मतदाता 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 हैं जबकि थर्ड जेंडर की संख्या 1 हजार 373 हैं. प्रदेश में कुल 6 लाख 53 हजार 640 वरिष्ठ मतदाता और 5 लाख 5 हजार 146 दिव्यांग मतदाता हैं. राज्य में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 64 हजार 523 है।

श्री राजन द्वारा निर्वाचन सदन, भोपाल में आज मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की गई।

एशियाई खेल

19वें एशियाई खेलों के 11वें दिन आज भारत की शुरुआत कांस्य पदक से हुई। रेस वॉक 35 किमी में भारतीय मिक्स्ड टीम ने यह कदम जीता। इसके बाद तीरंदाजी मिक्स्ड टीम कंपाउंड इवेंट में स्वर्ण पदक मिला । भारत को दिन का

तीसरा मेडल स्क्वॉश और चौथा मुक्केबाजी में मिला। दोनों ही खेल में कांस्य पदक मिले ।

इस तरह भारत के अब तक 73 पदक हो चुके हैं। ये एशियाई खेलों के 74 साल के इतिहास में भारत का अब तक सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इससे पहले जकार्ता एशियाई खेलों में 2018 में भारत ने सबसे ज्यादा 70 पदक जीते थे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. सतना जिले में विधानसभा स्तर पर ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों में कल 349 लोगों ने मॉक पोल किया ।
2. रीवा जिले में चुनावों की तैयारियों को लेकर अभी तक 80 से ज्यादा लोगों को जिला बदर किया गया है और जिले की सीमा पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं.
3. भारतीय रेल के रतलाम मंडल में 16 सितंबर से 2 अक्टूबर स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान पश्चिम रेलवे द्वारा प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयों पर आधारित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं.
4. बैतूल में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी ने जिले के विभिन्न थानों सहित रक्षित केंद्र में पदस्थ 20 पुलिसकर्मियों की पदस्थापना में फेरबदल किया है।
5. आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित शासकीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में कल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जानकारी दी गई।